## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री सिलावट गुरुवार को करेंगे प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण



**बुरहानपुर।** जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट गुरुवार को बुरहानपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान वे प्रात: 8:30 बजे प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेंगे तथा व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात् प्रभारी मंत्री श्री सिलावट प्रात: 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिलावट दोपहर करीब 2 बजे बुरहानपुर से प्रस्थान करेंगे।

### लालबाग सागर टावर प्रतिमा को लेकर , पुणे मूर्तिकार से मिलने पहुंचे दत्तू मेढ़े



**बुरहानपुर।** पिछले कई वर्षों से लगातार समाज बुरहानपुर जिले के लालबाग सागर टावर स्थित डॉण् बाबासाहेब अंबेडकरजी की प्रतिमा स्थापित हो को देखने के लिए तरस गया हैए समाज भी चाहता है की जल्द से जल्द प्रतिमा स्थापित हो परंतु कुछ ना कुछ सजीसो के चलते प्रतिमा समय पर नहीं लग पा रही है। ईसी के चलते हुए आंदोलन की चेतावनी देने के बाद भीमआर्मी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्तू मेढ़े स्वयं महाराष्ट्र के पुणे जिले के मूर्तिकार से मिलने पहुंचे जहाँ उन्होंने ड़ॉण्बाबा साहब के चरणों मे पुष्प अर्पित किये और मूर्तिकार की कला और समर्पण को देखते उनका फ़ूलो से समान किया गया, जानकारी अनुसार वहां देखा तो प्रतिमा कई दिनों से बनकर तैयार है, परंतु नगर निगम कमिश्नर के लेटर की आवश्यकता बताई गई हैए मौखिक हा बोला है हमें पत्र चाहिएए हमने कहा आप इसे लाने की तैयारी करो रास्ते मे कोई नहीं रोकेगा, फ़िर क्रेन और वाहन की व्यवस्था होने के बाद हम सीधा बुरहानपुर लेकर आ रहे हैं, आप पहुँचो आपके पीछे आते है हम,इतनी वार्तालाप हुई और हम निकल पड़े, अब इंतजार की घड़ी समाप्त होते हुए नजर आ रही है ।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बुरहानपुर से वैष्णो देवी की यात्रा के लिए 8 से 19 जून तक

**बुरहानपुर।** एमपी में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 03 जुलाई 2026 से शुरू होगी यात्रा मध्य प्रदेश सरकार की श्मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नगरीय निकाय क्षेत्र के सीनियर नागरिकों को कई शहरों में धार्मिक यात्रा कराई जाएगी। धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग द्वारा तीर्थ दर्शन योजना में इस बार नागरिकों को वैष्णो देवी जाने के लिए धार्मिक स्थल निर्धारित किए गए हैं। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना बुरहानपुर से वैष्णो देवी यात्रा का कार्यक्रम दिनांक 3 जुलाई 2026 से लेकर 8 जुलाई 2026 तक रहेगा नगरीय निकाय क्षेत्र के सीनियर सिटीजन इस यात्रा के लिए आवेदन जमा करने के लिए 8 जून 2026 से 19 जून 2026 तक नगर निगम के शहरी आजीविका मिशन कार्यालय में जमा करवा सकते हैं । योजना का लाभ शहर के ऐसे सीनियर नागरिक को मिलेगा। इस यात्रा के लिए मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है आवेदक को आवेदन के साथ आधार कार्ड, समग्र आईडीएराशन कार्ड, वोटर कार्ड और कोई भी आयु संबंधी प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है।


### जिला महामंत्री चिंतामन महाजन का दी बधाई



**बुरहानपुर।** भाजपा जिला महामंत्री,पूर्व पार्षद एवं पूर्व नगर निगम चेयरमैन,ऊर्जावान,कर्मठ,जुझारू,निष्ठावान भाई चिंतामन जी महाजन को उनके जन्मदिन पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता,पूर्व कैबिनेट मंत्री,विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस , जिला भाजपा कोषाध्यक्ष कैलाश पारिख ,वरिष्ठ भाजपा नेता नरहरी दीक्षित, प्रभाकर जो महाजन ,दिनकर जी महाजन,पार्षद एवं निगम चेयरमैन धनराज महाजन,बहादरपुर मण्डल अध्यक्ष दीपक महाजन ,बंटी हसनंदानी द्वारा उनके जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामना दी।

**भाजपा कार्यालय में मनाया जन्मदिन:**–भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री चिंतामन महाजन का जन्मदिन भाजपा जिला कार्यालय सुंदर नगर बुरहानपुर में मनाया गया। इस अवसर पर तिलक लगाकर, आरतीकर, टोपी पहनकर एवं पंछा भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, महामंत्री ईश्वर चौहान,वरिष्ठ भाजपा नेता बलराज नवानी,नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी, किसान मोर्चा के अरुण भाई पाटिल, जिला कोषाध्यक्ष कैलाश पारिख, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत पाटिल, रवि जी गावड़े, जिला मंत्री सर्वश्री सुनील वाघे, श्रीमती अर्चना पाटिल, पूर्व पार्षद सुभाष जाधव,जिला पंचायत सदस्य किशोर पाटिल, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री भरत जी रावल, प्रशांत लाड़, आकाश चौधरी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार पूर्वे ने बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

### कृषक कल्याण वर्ष : क्षीरधारा योजना अंतर्गत किसानों एवं पशुपालकों को दी महत्वपूर्ण जानकारी



**बुरहानपुर।** कृषि रथ के साथ पशुपालन विभाग द्वारा क्षीरधारा योजना अंतर्गत ग्राम खामनी एवं निमदंड में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विदित है कि जिले में कृषक कल्याण वर्ष के तहत किसानों को लाभान्वित एवं जागरूक करने का अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में किसानों एवं पशुपालकों को पशु पोषणए नस्ल सुधार एवं पशु स्वास्थ्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

विभाग द्वारा कृत्रिम गर्भाधान के लाभए देशी नस्ल के नर पशुओं के बंधियाकरण तथा पशुओं में बांझपन की समस्या से बचाव एवं उसके समाधान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।–संगोष्ठी में पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षणए संतुलित पशु आहारए आवश्यक पोषक तत्वों एवं उनकी मात्रा के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही गर्मी के मौसम में पशुओं की उचित देखभाल एवं प्रबंधन के उपायों से भी अवगत कराया गया।

## सीएम से मुलाकात के बाद खेतों में उतरे सांसद, दरियापुर रैयत में लगाई किसान चौपाल

**किसानों को सुनाया मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव का संदेश,कहा- चिंता न करें, भाजपा सरकार आपके साथ खड़ी है**





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** आंधी-तूफान और बारिश से प्रभावित हुई केला फसल का जायजा लेने बुधवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जनपद प्रतिनिधि प्रदीप पाटील,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंटू जाधव, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू पाटील,भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने खामनी, नीमगांव, फोपनार, बड़सिंगी, बड़झिरी,टेम्भी, कानापुर, नांदुरा,दरियापुर, मांजरोद एवं तुकईथड़ सहित विभिन्न गांवों के खेतों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया तथा अधिकारियों को शीघ्र सर्वे पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव से मुलाकात कर उन्हें जिले में आंधी.तूफान एवं बारिश से प्रभावित केले की फसल की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश जारी कर किसानों को आश्वस्त किया कि वे किसी प्रकार की चिंता न करें।

संकट की इस घड़ी में भाजपा सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है।

प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे शीघ्र पूरा कराकर किसानों को उचित राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।

**किसानों से संवाद :**- दौरे के दौरान दरियापुर रैयत में किसान चौपाल आयोजित की गईए जहां सांसद एवं विधायक ने किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएए अधिकारी खेतों में किसानों के साथ पहुंचकर वास्तविक नुकसान का आंकलन करें तथा सर्वे सूची पंचायतों में सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए जिससे कोई भी पात्र किसान राहत से वंचित न रहे। यह भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ किया जाए तथा प्रत्येक प्रभावित किसान के नुकसान का सही आंकलन सुनिश्चित किया जाए।

**यह रहे मौजूद:**-इस दौरान गोपाल महाजन, गुलाब महाजन, पप्पू महाजन, रमेश उचले वैभव महाजन, गोपाल मोतकर अरविंद महाजन, दिवाकर सपकाले, डिंगबर महाजन,बंडू पाटील,विनोद पाटील, सुधीर बंड,चेतन महाजन,सुनील बंड, अशोक पाटील, गोविंद पाटील, प्रदीप डीलर, अशोक महाजन,नाना पाटील, मनोज टंडन,कैलाश पाटील, हेमराज पाटिल ,अभिमान तडवी, उस्मान भाई हिरामन पाटील , केशव महाजन,मंडल अध्यक्ष नितिन महाजन,नकुल पंडित, रविंद्र महाजन, राजू पाटिल गंभीर महाजन, गंभीर राठौड़, प्रहलाद महाजन,ईश्वर महाजन, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश चौकसे, राजू शिवहरे,पवन लहासे, डिप्टी कलेक्टर सृजन श्रीवास्तव,एसडीएम भागीरथ वाखला,तहसीलदार गोविंद रावत,राजस्व निरीक्षक,पटवारी सहित किसान भाई मौजद रहे।

## थाना प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा सतत की जा रही है बैंक सुरक्षा चेकिंग



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष बागरी के निर्देशन एवं अतिण् पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ द्वारा अपने.अपने क्षेत्रों में संचालित शासकीय एवं अर्ध.शासकीय बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। दिनांक 03/06/2026 को थाना कोतवाली परिसर में प्रभारी कोतवाली श्रीमती नीता देयरवाल एवं थाना खकनार में थाना प्रभारी श्री अभिषेक जाधव द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और अचूक बनाने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन कि गई। इस बैठक में कोतवाली पुलिस ने बैंक प्रबंधकों के साथ सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें प्रभावी कदम उठाने हेतु निर्देशित किया।

बैंकों में पर्याप्त संख्या में सशस्त्र एवं प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को निरंतर चालू एवं कार्यशील रखा जाए तथा उनकी गुणवत्ता का नियमित परीक्षण किया जाए। सीसीटीवी फुटेज का पर्याप्त बैकअप सुरक्षित रखा जाए एवं डीवीआर की रिकॉर्डिंग क्षमता निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखी जाए।

बैंक के प्रवेश एवं निकास द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए तथा फ्रेम मेटल डिटेक्टरए डोर सिक्योरिटी सिस्टम एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों को नियमित रूप से संचालित किया जाए।

बैंक परिसर में स्थापित इमरजेंसी अलार्म सिस्टम को हमेशा सक्रिय एवं कार्यशील स्थिति में रखा जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उपयोग किया जा सके। चोरी, लूट एवं डकैती की घटनाओं की रोकथाम हेतु निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं एसओपी का कड़ाई से पालन किया जाए। बैंक कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्ड संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल जानकारी डायल.112 एवं स्थानीय पुलिस को दें। बैंक परिसर में आने वाले ग्राहकों की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैंक एवं थाना स्तर पर नियमित समन्वय बनाए रखते हुए सुरक्षा संबंधी सूचनाओं का आदान.प्रदान किया जाएए जिससे किसी भी संभावित सुरक्षा चुनौती का समय रहते निराकरण किया जा सके। साइबर अपराधों एवं बैंकिंग धोखाधड़ी की घटनाओं के प्रति कर्मचारियों एवं ग्राहकों को जागरूक करने हेतु समय.समय पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं ।

बुरहानपुर पुलिस का यह समन्वित प्रयास जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुलिस प्रशासन द्वारा उठाए गए इन कदमों से निश्चित रूप से बैंक परिसरों और आम नागरिकों की सुरक्षा में और अधिक पारदर्शिता एवं तत्परता आएगी, जो एक सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## ग्राम हसीनाबाद अग्निकांड . 5 परिवार बेघर



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव द्वारा ग्राम हसीनाबाद में अज्ञात कारणों से हुई भीषण आगजनी में 5 परिवारों को तत्काल मानवीय सहायता उपलब्ध कराई गई। **भारी नुकसान:**–आग में 5 कच्चे आवासीय मकान,1 छोटा ट्रैक्टर,1 मोटर साइकिल, 4 रोटावेटर कृषि यंत्र, 1 साइकिल तथा घर में रखी नगद राशि, आभूषण एवं संपूर्ण खाद्य सामग्री जलकर राख हो गई।

**पुलिस की त्वरित कार्यवाही:**– सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मय स्टाफ मौके पर पहुंचे रेत व फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझाई गयी। पीड़ित परिवारोंए विशेषकर बच्चों एवं महिलाओं से मिलकर तसल्ली दी गई। ष्सजग नागरिक दृ सुरक्षित समाजष् के संकल्प के तहत तत्काल गेहूंए मक्काए दालए खाद्य तेलए मसाले एवं अन्य आवश्यक राशन सामग्री वितरित की गई। राजस्व विभाग को प्रतिवेदन भेजकर शासकीय आर्थिक सहायता की प्रक्रिया भी प्रारंभ कराई गई है।

**पुलिस कप्तान का संदेश:**– हमने श्जन सहयोग से जन सुरक्षाश् का नारा दिया था। हसीनाबाद की घटना में पुलिस ने जन सेवा से उसे साबित किया है। अपराध नियंत्रण के साथ आपदा में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहना भी हमारी ड्यूटी है।

## फिट इंडिया साइकिल दिवस पर साइकिल रेस व निबंध प्रतियोगिता



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** माय भारत बुरहानपुरए;युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयए भारत सरकार के कोर प्रोग्राम के अंतर्गत विश्व साइकिल दिवस के तहत सिलम पुरा से साइकिल रेस निकलकर छात्रवास शिकारपुरा पर समाप्त हुई, जिसमें 52 युवाओं ने भाग लिया, जिला युवा अधिकारी, पल्लवी दुबे जी ने बताया कि फिट इंडिया साइकिल दिवस पर युवाओं के मध्य साइकिल रेस, निबंध प्रतियोगिता हुई, कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिल को परिवाहन का एक किफायती और भरोसेमंद तथा पर्यावरण के अनुकूल साधन के रूप में मान्यता देना है, इस दौर में मनुष्य टेक्नोलॉजी व आधुनिकीकरण के कारण मशीनों का आदि हो गया है, जिसे अनेक बिमारीया एवं स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा हैं,लोगो को शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रखने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और सतत जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहन करता है,बाद में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले,प्रथम . पिंकेश बामनिया,व्दितीय . निलेश मावसकर, तृतीय . अंकित गौतम तथा साइकिल रेस में, प्रथम . अनसिंग देवडे,व्दितीय . मनोज सिसोदिया, तृतीय . रविन्द्र डुडवे सब ही विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक सुरेश कराडे, एजाज अंसारी शामील हूऐ।

## भगवान के नाम,सेवा और सत्संग से ही जीवन का कल्याण संभव रू शास्त्री चिंतनप्रियदासजी स्वामी



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** शहर के स्वामीनारायण मंदिर में पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर भगवान लक्ष्मीनारायण देव एवं हरिकृष्ण महाराज का दुग्धए शर्कराए घीए शहदए नारियल जल तथा अन्य पवित्र द्रव्यों से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दिव्य अभिषेक किया गया। अभिषेक दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

अभिषेक के दौरान मंदिर के महंत एवं कोठारी पूज्य पी.पी.स्वामी ने बताया कि भगवान लक्ष्मीनारायण देव की यह दिव्य मूर्ति लगभग 197 वर्ष पूर्व भगवान स्वामीनारायण द्वारा माता लक्ष्मीजी सहित प्रदान की गई थी। प्रारंभ में यह प्रतिमा सभा मंडप के मध्य भाग में स्थापित की गई थीए जिसके ऐतिहासिक चिह्न आज भी विद्यमान हैं। लगभग 40 वर्षों तक सभा मंडप में विराजमान रहने के पश्चात गोपालानंद स्वामी के शिष्य पूज्य बालमुकुंद स्वामी द्वारा मंदिर का निर्माण करवाकर लक्ष्मीनारायण देव एवं हरिकृष्ण महाराज की मूर्तियों की प्रतिष्ठा कराई गई। यह प्रतिष्ठा सम्प्रदाय के आचार्य श्री रघुवीरजी महाराज के निर्देशन में सम्पन्न हुई थी। मंदिर में घनश्याम महाराज की मूर्ति भी स्थापित है।

श्रृंगार आरती के दौरान क्षेत्र के किसानों की खुशहालीए उत्तम वर्षा एवं भरपूर कृषि उपज के लिए विशेष प्रार्थना और मनोरथ किए गए। भगवान से किसानों पर आए प्राकृतिक संकटों को दूर करने तथा समृद्धि प्रदान करने की कामना की गई। व्यासपीठ से श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर प्रवचन देते हुए पूज्य शास्त्री चिंतनप्रियदासजी स्वामी ने शास्त्रों के आधार पर भक्तिए सेवा और सत्संग के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में प्रतिष् के दो प्रकार बताए गए हैंकृ नैष्ठिक और अनैष्ठिक। नैष्ठिक रति वह प्रेम है जिसमें अटूट निष्ठा होती है और जिसे किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जा सकता। ऐसी दृढ़ निष्ठा ही भगवान की प्राप्ति का आधार बनती है।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में तिलकए कंठी और शिखा केवल धार्मिक चिह्न नहीं, बल्कि धर्मनिष्ठ जीवन के प्रतीक हैं। सत्संग की वास्तविक नींव दृढ़ निश्चय और सद्भाव है। जो व्यक्ति अवगुणों का त्याग कर गुणों को ग्रहण करता हैए उसका आध्यात्मिक जीवन मजबूत होता है और उसका कल्याण निश्चित होता है। शास्त्रीजी ने श्रीमद्भागवत एवं वैष्णव शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य यदि संसार में रहते हुए भी निर्लेप रहता है तो वह सुखी जीवन जी सकता है और भगवान की प्राप्ति कर सकता है। भगवान के नाम का स्मरण ही जीवन में सुखए शांति और आध्यात्मिक आनंद का मार्ग प्रशस्त करता है।

सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भोजन परोसना पुण्य का कार्य है,किंतु विनम्रता के साथ जूठे बर्तन उठाना उससे भी बड़ा पुण्य हैए क्योंकि सेवा मनुष्य को महान बनाती है। उन्होंने कहा कि यह संसार नश्वर और क्षणभंगुर हैए इसलिए आसक्ति के बजाय सेवाए भक्ति और भगवान के स्मरण को जीवन का आधार बनाना चाहिए। प्रवचन के अंत में श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में प्रार्थना कर समाजए राष्ट्र तथा किसान समुदाय की सुख.समृद्धि एवं उत्तम वर्षा की कामना की।

**एक नजर** | **जल संकट : प्यास के लिए मौत का रास्ता, 150 फीट गहरी पहाड़ी उतरकर गंदा पानी ला रहे आदिवासी**

## जामठी के पलस पानी और रामलाल फलिया में 50 परिवारों के 200 लोग नल-जल योजना से वंचित

**नल-जल योजना के दावों पर सवाल,15 दिन में जिले से दूसरी बार सामने आई पानी संकट की भयावह हकीकत**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिले में नल.जल योजना के तहत घर.घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के दावों के बीच आदिवासी अंचल की एक और संवेदनशील तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर सिर्फ पानी की कमी नहींए बल्कि उन गरीब आदिवासी परिवारों की मजबूरी दिखाती हैए जो आज भी प्यास बुझाने के लिए रोज अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। ग्राम पंचायत मालवीर के अंतर्गत आने वाले जामठी गांव के पलस पानी और रामलाल आदिवासी फलिया के लोग करीब 2 किलोमीटर दूर और लगभग 150 फीट गहरी पहाड़ी ढलान उतरकर पानी लाने को मजबूर हैं।

**स्वच्छ पानी के लिए रोज जान जोखिम में डालनी पड़ रही है।**

बुजुर्ग महिला रूपलीबाई और सुरमीबाई के अनुसार दोनों फलियों में करीब 50 परिवारों के 200 लोग रहते हैं,लेकिन उन्हें अब तक नल.जल योजना का लाभ नहीं मिला। पानी के लिए महिलाएंए बच्चे और बुजुर्ग दुर्गम पहाड़ी रास्ते से गुजरते हैं। रास्ता इतना खतरनाक है कि कई लोग पानी भरते समय गिरकर घायल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद मजबूरी ऐसी है कि हर दिन यही जोखिम उठाना पड़ता है।

**बुरहानपुर में आदिवासी परिवारों की प्यास से जंग:**–सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जानलेवा रास्ता पार करने के बाद भी ग्रामीणों को साफ पानी नहीं मिलता। छोटी नदी और झिरियों से मिलने वाला मटमैला व बदबूदार पानी ही उनकी प्यास बुझाने का सहारा है। यही पानी पीनेए नहानेए कपड़े धोने और घर के अन्य कामों में उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदा पानी पीने से बीमारियों का खतरा हमेशा बना रहता हैए लेकिन उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

**नल.जल योजना के दावों पर सवाल:**– ग्रामीण रैमसिंग ने बताया कि इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत मालवीर के सरपंच और सचिव को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। लोगों का कहना है कि योजनाओं के दावे कागजों में भले मजबूत दिखाई देते होंए लेकिन दूरस्थ आदिवासी फलियों तक बुनियादी सुविधाएं आज भी नहीं पहुंच पाई हैं।

**15 दिन में दूसरी तस्वीरए दावों पर गंभीर सवाल:**–कुछ दिन पहले धुलकोट क्षेत्र से भी ऐसी ही तस्वीर सामने आई थीए जहां लोग गहरे गड्ढे में उतरकर पानी भरते दिखाई दिए थे। अब जामठी के पलस पानी और रामलाल फलिया की तस्वीरों ने एक बार फिर प्रशासनिक दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले को नल.जल योजना में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका हैए लेकिन आदिवासी बस्तियों से सामने आ रही ये तस्वीरें बताती हैं कि जमीनी हकीकत अब भी अधूरी है।

**अब प्रशासन से उम्मीद:**– ग्रामीणों की मांग है कि शासन.प्रशासन तत्काल इन फलियों तक स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करे। यह मामला केवल पानी की समस्या नहींए बल्कि जीवन, स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा सवाल है। अब देखना होगा कि प्रशासन इन तस्वीरों को सिर्फ शिकायत मानता है या आदिवासी परिवारों की पीड़ा समझकर स्थायी समाधान करता है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पंचायतों की पहल



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिले की जनपद पंचायत बुरहानपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों ने शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम उठाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई के दौरान खुले नलों से व्यर्थ बहने वाले पानी को रोकने के लिए पंचायतों द्वारा नलों पर टोटियां ;वाल्व लगाने का सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण कार्य में ग्राम पंचायत ईच्छापुर, झिरी, बंभाड़ा और नाचनखेड़ा ने विशेष तत्परता दिखाते हुए बेहद सराहनीय कार्य किया है। इन पंचायतों ने अपने क्षेत्र के उन सभी खुले नलों को चिन्हित किया जिनसे पानी व्यर्थ बहता था। इस अभियान के तहत अब तक 1700 से अधिक घरों के नलों में टोटियां लगाई जा चुकी हैं। साथ हीए कार्य में पारदर्शिता और स्पष्ट रिकॉर्ड रखने के लिए टोटियां लगाने के बाद ग्रामवासियों की उपस्थिति में बाकायदा इसका पंचनामा भी बनाया गया।

इस छोटे लेकिन प्रभावी कदम से प्रतिदिन हजारों लीटर शुद्ध पेयजल को नालियों में बहने से बचाया जा रहा है। इन चार पंचायतों की इस बेहतरीन पहल का असर पूरे जनपद में देखने को मिल रहा है। इनसे प्रेरणा लेकर जिले की अन्य ग्राम पंचायतें भी अब जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इसी काम में मुस्तैदी से लग गई हैं और अपने.अपने क्षेत्रों में पानी बचाने की इस मुहिम को आगे बढ़ा रही हैं।

जल ही जीवन है और जनपद बुरहानपुर की पंचायतों ने इस बात को जमीन पर सच साबित कर दिखाया है। यह प्रयास न सिर्फ पानी की बचत कर रहा है, बल्कि ग्रामवासियों की जल संरक्षण की पहल में सहभागिता भी बता रहा है।